राजकीय अ0 शि0 आयु0 महाविद्यालय, बेगूसराय के लिए निम्नलिखित पदों पर अतिथि शिक्षकों की अस्थाई नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है–

अतिमहत्वपूर्ण अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25

राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय, बेगूसराय में तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अंशकालीन (Part Time) आवश्यकता आधारित पदों यथा – संस्कृत विषय के व्याख्याता एवं योग प्रशिक्षक के पदों पर विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग बिहार पटना के संकल्प सं0– वि0प्रा0(I) व^{2}–64 / 2008 / 3036 दिनांकः– 02.12.2021 में निर्धारित दर पर अतिथि शिक्षक (Guest Teacher) की नियुक्ति हेतु सूचना प्रकाशन की जाती है। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र वेबसाईट **https://gasachbgs.org/web/** पर उपलब्ध है।

1. पद का नाम – **व्याख्याता(संस्कृत)** अस्थाई
   पद की संख्या – 01
   योग्यता – संस्कृत विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर उपाधि
   आयुसीमा – अधिकतम आयु सीमा 60 बर्ष (साक्षात्कार के दिन गणनीय)
   साक्षात्कार की तिथि – 28.06.2024

2. पद का नाम – **योग प्रशिक्षक** (अस्थाई)
   पद की सं0 – 01
   योग्यता / अर्हता – योग में मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक या अन्य समकक्ष
   आयुसीमा – अधिकतम आयुसीमा 40वर्ष (साक्षात्कार के दिन गणनीय)
   साक्षात्कार की तिथि – 29.06.2024

मानदेय– उपर्युक्त दोनों पदो के लिए सरकार द्वारा समकालीन अनुमान्य राशि देय होगी।

आवेदन की प्रक्रिया–

- अभ्यर्थी राजकीय अ0 शि0 आयु0 महा0, बेगूसराय के बेबसाईट **https://gasachbgs.org/we/** पर **Login** करके, वहाँ उपलब्ध प्रपत्र में यथावांछित ऑनलाईन आवेदन करें।
- आवेदन हेतु कोई शुल्क देय नही है।
- साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का व्यय देय नही होगा।
- ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित सूचना–

1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	**समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भ**
2.	ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	**27.06.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक**

- निर्धारित योग्यता/अर्हता पूरा न किये जाने पर बिना कारण बताये आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
- नियुक्ति की प्रकृति अस्थाई है। स्थायी नियुक्ति होने की स्थिति में या किसी अपरिहार्य स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा नियुक्ति निरस्त की जा सकती है। इसको आधार बनाकर भविष्य में स्थायी नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।

चयन प्रक्रिया–

- चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
- चयन हेतु अंतिम निर्णय चयन समिति लेगी जो मान्य होगा।
- **साक्षात्कार संस्कृत व्याख्याता के लिए दिनांकः– 28.06.2024 एवं योग प्रशिक्षक के लिए दिनांकः– 29.06.2024 को रा0 अ0 शि0 आयु0 महा0, बेगूसराय कार्यालय में अपराह्न 02:00 बजे अपने आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हों।**
- किसी भी प्रकार का परिवाद होने की स्थिति में उसका क्षेत्र बेगूसराय न्यायालय होगा।
- इस प्रक्रिया में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

13/06/24

प्राचार्य सह अध्यक्ष
रा0 अ0 शि0 आयु0 महा0,
बेगूसराय।

13/06/2024